## डॉ. प्रशांत पाटीदार दूसरी बार बने भाविप विक्रमादित्य के अध्यक्ष

**▸ वर्ष 2026-27 के लिए सर्वानुमति से हुआ चुनाव**

**उज्जैन।** भारत विकास परिषद विक्रमादित्य के वर्ष 2026-27 के निर्वाचन में डॉ. प्रशांत पाटीदार को सर्वानुमति से दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया है। उनके साथ डॉ. विशाल पाटीदार को सचिव और आनंद श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। संस्था के प्रवक्ता डॉ. सीपी पाटीदार और डॉ. सुनील शर्मा ने बताया कि यह चुनाव प्रांतीय पर्यवेक्षक एवं चुनाव अधिकारी राजेंद्र शाह के मार्गदर्शन तथा संस्था संरक्षक पं. भगवान शर्मा के संयोजन में सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

अध्यक्ष निर्वाचित होते ही डॉ. प्रशांत पाटीदार ने अपनी नई कार्यकारिणी शीघ्र घोषित करने की बात कही। उन्होंने संकल्प लिया कि पीड़ित मानवता की सेवार्थ संस्था द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों को अब दुगनी गति और ऊर्जा के साथ संचालित किया जाएगा।



नवनियुक्त पदाधिकारियों के निर्वाचन पर डॉ. जी. व्यास, डॉ. रूपेश खत्री, डॉ. राहुल नागर, डॉ. मुस्तफा सिंगापुरवाला, डॉ. रजनीश पाटीदार, डॉ. जितेंद्र शर्मा, डॉ. स्वप्निल पेंढारकर, डॉ. योगेश सर्राफ, डॉ. आशीष दुबे, डॉ. साधना दुबे, डॉ. सुरेश समदानी, डॉ. दीपक फुलवानी, डॉ. अजय मंडलोई, डॉ. अमृता सोनी, डॉ. कविता बेंडवाल, डॉ. हुसैन फ्रीगंजवाला, डॉ. विजय पाटीदार, डॉ. शरद गोवा, डॉ. सोनू पाटीदार, डॉ. सुरेश बेडवाल, डॉ. सी.पी. पाटीदार, डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. उमेश शुक्ला, डॉ. आनंद यादव, डॉ. सिद्धार्थ मारोठिया, डॉ. आदित्यवर्धन पाटीदार, डॉ. पदमसिंह नरवरिया, डॉ. समर्थ पाटीदार, डॉ. गिरधर सोनी, डॉ. विजय पाटील, डॉ. बी.के. मालवीय, सुनील शर्मा, रवि शर्मा, सुभाष पाठक, गिरीश पाठक, प्रतीक व्यास, अनिरुद्ध नाहर, दीपक पाटीदार, संजीव आचार्य, माया शर्मा, शुभम नागर, ऊषा शर्मा, सरिता पाटीदार, श्वेता पाटिल, नीलम पाटीदार, सुमन मालवीय, प्रभा शुक्ला, तरुण शितोले, आशीष यादव, सुनील सोनी, सागर सक्सेना, अंशुल कोठलकर और ऐश्वर्य चौबे ने बधाई देते हुए आगामी कार्यकाल के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन तनु और रुद्रेश शर्मा ने किया तथा आभार डॉ.

## होली मिलन समारोह में भजनों पर झूमा चिड़ार समाज



**▸ समाजजनों को गुलाल का तिलक लगाकर दी होली की शुभकामनाएं**

**उज्जैन। चिड़ार समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में समाजजनों को गुलाल का तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान भजनों की धुन पर समाजजन जमकर झूमे।**

कार्यक्रम संयोजक मोहन चंदेल एवं सन्नी गोईया के अनुसार समाज संरक्षक पुरषोत्तम मगरे एवं भगवानदास ब्राह्मनिया के नेतृत्व में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में समाज के वरिष्ठ प्रेमनारायण बरहा, शैलेंद्र हनुमन्तैया, कमलेश धंधेरे, प्रदीप गोईया, प्रशांतजी, शिवदयाल बेलिया, हरिशचंद्र आठिया, नारायण आठिया, संदीप हनुमन्तैया, ओमप्रकाश ब्राह्मनिया, सचिन मगरे, डॉ. राकेश शेरा, ज्योति गेहलोत, भगवानदास हनुमन्तैया, निहालसिंह, बंटी गेहलोत, मोहनलाल आठिया, गौतमप्रसाद चंदेल, रामचंद्र आठिया, प्रहलाद आठिया, संजय प्रसाद हनुमन्तैया, मूलचंद सोनी, दीपक गेहलोत सहित समस्त समाजजनों का सहयोग प्राप्त हुआ। समारोह में समस्त समाजजनों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## एक नजर में

### पण्ड्या फिर बने सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष

**बड़नगर।** सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज की एक आवश्यकता बैठक शिव मंदिर परिसर ग्राम पासलोद में संपन्न हुई। जिसमें समाज के वर्तमान अध्यक्ष गोविंद सिंह पंड्या को पुन: अध्यक्ष बनाते हुए उनका कार्यकाल बढ़ाया गया। इसके साथ ही नवीन कार्यकारिणी का भी गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष गोविंद सिंह जागीरदार, उपाध्यक्ष ईश्वर लाल रावल, डूंगर सिंह पाठक, गणेशी लाल पंड्या, सचिव जगदीश चंद्र शर्मा, सहसचिव सोहनलाल पंड्या, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण एवं चंद्र सिंह पंड्या ओमप्रकाश त्रिवेदी को सदस्य मनोनीत किया गया। इसके साथ ही बैठक में यह भी सर्वानुमति से निर्णय लिया गया कि अध्यक्ष व कार्यकारिणी के सदस्य ब्राह्मण समाज की मूल्यवान संपत्ति शंकर बावड़ी, भगवती माता तथा औदिच्य ब्राह्मण समाज छात्रावास की संपत्ति जो समाज के अन्य लोगों द्वारा विक्रय व नष्ट करने के कारण संपत्ति की सुरक्षा तथा समाज हित में संपत्ति की देखभाल, संरक्षण व न्यायालयीन कार्रवाई करेंगे।



### लायंस क्लब कपल के आई चेकअप कैंप में 41 लोगों की हुई नेत्र जांच




**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन कपल द्वारा डॉ. अर्पित ऐरन एमएस के सहयोग से शहर में एक आई चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस नेत्र परीक्षण शिविर में 41 व्यक्तियों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। यह स्वास्थ्य शिविर पीडीजी एमजेएफ लायन भगवानदास ऐरन के आतिथ्य में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान अतिथि का स्वागत क्लब अध्यक्ष लायन वंदना एस अग्रवाल और पूर्व सचिव लायन पूजा शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष लायन सरला अग्रवाल, लायन सुनील बी अग्रवाल, लायन महेश हरभजनका, लायन सुरेंद्र अग्रवाल, लायन वाई के दुबे और लायन निशा दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कैंप के सफल संचालन में क्लब के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।

### पूज्य सिंधी भाईबंध पंचायत ने किया समाजसेवियों का सम्मान




उज्जैन। पूज्य सिंधी भाईबंध पंचायत उज्जैन का पारिवारिक होली मिलन समारोह अब्दालपुरा स्थित संत लीलाशाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर रंगारंग संगीत संध्या और भगवान झूलेलाल के बहराना का विशेष आयोजन किया गया। समारोह में समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ समाजसेवी मुरलीधर कोटवानी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड और वासुदेव आलवानी को सिंधु समाज सेवा सम्मान 2026 से नवाजा गया। कार्यक्रम में होली के मधुर गीतों पर भजन संध्या आयोजित की गई। साथ ही उषा शेवारामानी, राजकुमारी खेमचंदानी, बिंदिया बालवानी, लिजा चंदनानी, जया थानी और प्रेरणा पमनानी की प्रस्तुति और समूह नृत्य ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुविख्यात समाजसेवी महेश परियानी, लोकेश लद्दानी और प्रताप रोहरा उपस्थित थे। विशेष अतिथि महेश गंगवानी, रमेश समदानी, रमेश गजरानी, गंगाराम राघवानी, लोकेश आडवाणी, धर्मेन्द्र खूबचंदानी, हरीश टेकवाणी और नौतन चेतनानी ने उपस्थित जनों को पर्व की शुभकामनाएं दीं। अतिथियों का स्वागत सचिव नीतू बलवानी, भारती खेमचंदानी, झामनदास साहितानी और भगवान शेवाणी ने किया। समारोह की अध्यक्षता दौलत खेमचंदानी ने की तथा संचालन वीर कुमार मामनानी द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सुरेश पुर्सवानी, घनश्याम दासवानी, प्रकाश थानी, मुकेश शेवारामानी, अमित सचदेव, मनोज आसवानी, कमल मोटवानी और नरेश मूलचंदानी का सराहनीय योगदान रहा।

## किसानों को समर्थन मूल्य के अनुसार नहीं मिल रहे हैं गेहूं के दाम

**▸ किसान चौपाल में बोले विधायक बोस**

**घट्टिया। आज प्रदेश का किसान वर्ग सबसे ज्यादा पीड़ा के दौर से गुजर रहा है। पहले सोयाबीन व अब गेहूं की फसलें प्राकृतिक आपदा के चलते ख़राब हो गई न तो खराब फसलों का सही ढंग से सर्वे किया गया ना ही राहत राशि दी गई।**



मंडियों में गेहूं लेकर पहुंच रहे किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के अनुसार भाव भी नहीं दिया जा रहा है। उक्त उद्गार विधायक दिनेश जैन बोस ने रविवार सायं समीपस्थ ग्राम बैलाखेड़ा में भागवत कथा की पूर्णाहुति कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात किसान चौपाल कार्यक्रम में व्यक्त किए। आपने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीतियों से आने वाले समय में किसानों के बेटे मजदूर बनकर रह जायेंगे। बड़े औद्योगिक घराने व पूंजीपतियों द्वारा बड़े पैमाने पर कृषि भूमि खरीदी जा रही है। जिसमें काले धन का इस्तेमाल किया जा रहा है। किसानों को अपने अस्तित्व को बचाने हेतु एकजुट होकर संघर्ष करते हुए विपक्ष को मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जीतेंद्र मंडोरा, जिला कांग्रेस कमेटी संगठन मंत्री राजेन्द्र व्यास, अनंत शर्मा, गिरधारी लाल चौहान, ईश्वर लाल शर्मा, रजनीश तिवारी, रणछोड़ सिंह जाट ने भी संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को अपनी दशा बदलने हेतु एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए। अतिथियों का स्वागत सरपंच पूरालाल शर्मा, बालाराम पंडित, ओमप्रकाश शर्मा, घनश्याम शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, गुरुलाल शर्मा तेजूलाल बैलाखेडा आदि ग्रामीण जनों ने किया। संचालन बाबूलाल थावलिया व आभार अनोखीलाल शर्मा ने व्यक्त किया।

## बड़नगर श्री संघ ने गच्छाधिपति के बड़नगर चातुर्मास के लिए विनंती की

**बड़नगर।** 2013 में अपना ऐतिहासिक चातुर्मास बड़नगर में संपन्न कर चुके विजय जयंतसेन सूरिश्वर के दिव्य आशीर्वाद से जैन समाज श्री संघ द्वारा विजय नित्यसेन सूरिश्वर जो कि महाराष्ट्र राज्य के बलसाना जैन तीर्थ में विमलनाथ प्रभु जिनालय में विराजमान हैं।

वहां श्री संघ अध्यक्ष पुखराज सियाल, सचिव कैलाश ओरा, ट्रस्टी राजेंद्र जैन दंगवाड़ा, शांतिलाल गोखरू, राजेंद्र बरडिया द्वारा पूज्य श्री के दर्शन कर आशीर्वाद लिया तथा श्री संघ की ओर से नगर में सत्र 2026 का चातुर्मास करने हेतु विनम्र विनती की गई। राजकुमार नाहर ने बताया कि पूज्य श्री ने अपना पिछला चातुर्मास मुंबई में किया था। उसके पश्चात आप गुजरात दक्षिण भारत महाराष्ट्र राज्य की यात्रा करते हुए अनेक संघों की स्पर्शना की तथा शासन प्रभावना के कार्य किए। चैत्री पूनम को सन 2026 के चातुर्मास की घोषणा मोहन खेड़ा तीर्थ स्थित जयंत सेन म्यूजियम धाम से चातुर्मास की घोषणा करेंगे तथा आपके आज्ञानुवर्तनीय सभी साधु एवं साध्वी भगवंत के होने वाले चातुर्मास स्थिरता की भी घोषणा करेंगे।



## सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**▸ होली के गीतों पर महिलाओं ने खेली फूलों की होली**

**उज्जैन।** नरसिंह घाट स्थित सैनी समाज धर्मशाला में अध्यात्म, भक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रसार के उद्देश्य से प्रसिद्ध कथा व्यास महेश माधव शास्त्री के सानिध्य में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया।




इस आयोजन में दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से आए सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और कथा श्रवण के माध्यम से आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त की। कथा के दौरान शास्त्री जी ने बताया कि विभिन्न तीर्थ स्थलों पर कथा आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में भक्ति भाव का विस्तार करना और परिवारों में सुख-शांति का संचार करना है। उन्होंने शिक्षा और संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्ति को ऊंचा स्थान दिलाती है, जबकि संस्कार उसे समाज में मर्यादित और आदर्श बनाते हैं। उन्होंने महिलाओं से आव्हान किया कि वे अपनी भावी पीढ़ी को भगवान राम और भगवान कृष्ण के आदर्शों से जोड़ें। शास्त्री जी ने जीवन के सात दिनों की महत्ता बताते हुए बताया कि रविवार विश्वास, सोमवार शांति और गुरुवार गुरु निष्ठा का प्रतीक है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान के नाम का श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया। श्रीमद् भागवत सप्ताह के 14वें वार्षिकोत्सव के समापन अवसर पर कथा में सहयोग करने वाले समाजसेवियों का संस्था द्वारा भगवान महाकाल की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया। इसके बाद महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेलते हुए भक्ति गीतों पर झूमकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन 9 मार्च से 15 मार्च तक चला, जबकि 16 मार्च को पूजन और भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में चौ. महीपाल रावत, रामचन्द्र इंस्पेक्टर, छत्रापाल वशिष्ठ, डॉ. बाबू राम शर्मा, प्रमोद थानेदार , मूलचन्द शर्मा व रमेशचन्द्र पचौरी, विजय लक्ष्मी, दयाचंद सेठ, विनोद शर्मा, धर्मपाल, दिनेश शर्मा व राकेश गुप्ता, अजीत, रणवीर मानपुर सहित गुरुजी से जुड़े अनेक शिष्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय शूटिंग बॉल टूर्नामेंट में विदिशा के जितेंद्र बघेल ने मारी बाजी, पिपलिया हामा उपविजेता

**उज्जैन।** उज्जयिनी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा शास्त्री नगर खेल मैदान पर आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय शूटिंग बॉल टूर्नामेंट रविवार रात सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस रोमांचक खेल महाकुंभ में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विदिशा के जितेंद्र बघेल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर खिताब पर कब्जा जमाया, वहीं पिपलिया हामा के सिकंदर की टीम द्वितीय स्थान पर रहकर उपविजेता बनी।



**स्पर्धा संयोजक अधिवक्ता ललित सिंह चौहान** ने बताया कि यह भव्य खेल आयोजन स्व. लक्ष्मणदास विशनवानी एवं स्व. ममता श्रीकांत वर्मा की स्मृति में किया गया। रविवार शाम से रात तक दूधिया रोशनी में खेले गए इन मुकाबलों में मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों की टीमों ने अपना शानदार दमखम दिखाया और दर्शकों ने बेहतरीन खेल का आनंद लिया।

**विजेताओं पर हुई नकद पुरस्कारों की बारिश:** आयोजन समिति के सौरभ श्रीकांत वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें विजेता टीम को 11 हजार रुपए नकद व चमचमाती ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 5 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में बेस्ट शूटर, बेस्ट नेटर और बेस्ट डिफेंसर के विशेष आकर्षक इनाम भी प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य रूप से अध्यक्ष ओम सारवान, चंद्रभान सिंह चंदेल, श्रीकांत वर्मा, प्रदीप जायसवाल, अधिवक्ता सौरभ वर्मा, निमेश उदैनिया, राजेश पाटीदार, अभिषेक शर्मा, गौरव वाधवानी, शिवम् खुल्लर और मोनू दीक्षित सहित उज्जयिनी स्पोर्ट्स के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही जिनकी स्मृति में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया उनके परिजन भी मौजूद रहे तथा सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। आभार श्रीकांत वर्मा ने माना। अतिथियों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**एक नजर** ▸ **वरिष्ठ मातृशक्ति का हुआ सम्मान**

## औदिच्य ब्राह्मण समाज उज्जैन का भव्य फागोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**उज्जैन। महाकाल की नगरी उज्जैन के अब्दालपुरा स्थित कोटिलिंगेश्वर धर्मशाला में औदिच्य ब्राह्मण समाज महिला इकाई द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पारंपरिक एवं भव्य फागोत्सव का आयोजन सानंद संपन्न हुआ। भगवान गोविंद माधव एवं श्रीकृष्ण के जयकारों और फाग गीतों की मधुर स्वर लहरियों के बीच समाज की महिलाओं ने अपनी गौरवशाली परंपराओं का निर्वहन किया।**




**संस्कार और सम्मान का संगम:** कार्यक्रम का शुभारंभ औदिच्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण त्रिवेदी, वरिष्ठ जन समिति अध्यक्ष महेश ज्ञानी, उमाशंकर भट्ट, तारामणि त्रिवेदी, माया बदेका, चेतन अवस्थी ने भगवान गोविंद माधव के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया।

**समाज की 6 वरिष्ठ महिलाओं** : मातृ शक्ति सम्मान तारामणी त्रिवेदी, सरोज व्यास, माधुरी आचार्य, ज्ञानवती मेहता, उमा भट्ट, प्रभा पाण्डेय आदि। समाज की नींव को मजबूत करने वाली इन वरिष्ठ मातृशक्तियों को स्मृति चिह्न एवं शॉल-श्रीफल भेंट कर उनके मार्गदर्शन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से समाज द्वारा उनका अभिवादन किया गया।

**पारदर्शिता एवं सामाजिक दायित्व :** सामाजिक कार्यक्रमों में शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखने के ध्येय से, समाज द्वारा आयोजित विगत महत्वपूर्ण कार्यक्रमों जैसे— गरबा उत्सव, भव्य अन्नकूट महोत्सव एवं परिचय सम्मेलन के आय-व्यय का पूर्ण लेखा-जोखा समाज की महिलाओं के सम्मुख विस्तार से प्रस्तुत किया गया। आय-व्यय का विवरण सुनकर समाजजनों ने इस पारदर्शिता की मुक्त कंठ से सराहना की और भविष्य के कार्यक्रमों के लिए अपनी सहमति प्रदान की।

**फाग गीतों की प्रस्तुति और भक्तिमय नृत्य:** जैसे ही मंच से पारंपरिक फाग गीतों की प्रस्तुति प्रारंभ हुई, पूरा वातावरण वृंदावन की गलियों जैसा प्रतीत होने लगा। फाग की मस्ती में डूबी महिलाएं स्वयं को रोक नहीं पाईं और भजनों की थाप पर जमकर थिरकीं। मधुर भजनों और फाग गीतों के बीच समाज की महिलाएं भक्ति में सराबोर होकर झूम उठीं।

**पुष्प और गुलाल का अलौकिक फागोत्सव:** उत्सव का चरमोत्कर्ष तब आया जब फूलों एवं अबीर-गुलाल के साथ फागोत्सव खेला गया। चारों ओर फूलों की वर्षा और गुलाल की लालिमा के बीच समाज की एकता और सौहार्द का अनूठा दृश्य देखने को मिला। जगन्नाथ-जगन्नाथ जैसे गीतों पर पूरा सदन उत्साह से भर उठा।

### ▸ आयोजन समिति

यह भव्य आयोजन औदिच्य ब्राह्मण समाज, महिला इकाई, उज्जैन के तत्वावधान में संपन्न हुआ। जिसमें उपस्थित बहने चंद्रिका ज्ञान , माया बदेका, श्लेषा व्यास, उमा आचार्य, पूर्णिमा दवे, मंजु जोशी, सुनीता शुक्ला, मंजु मेहता, शोभना मेहता, सुचित्रा मेहता, रेखा आचार्य, मधुलिका व्यास, मधुलिका पंड्या, मीना आचार्य, गीतांजली शर्मा, भारती रावल, वंदना शर्मा आदि बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु एवं मातृशक्ति विशेष रूप से उपस्थित रही। जानकारी चेतन जोशी द्वारा दी गई।